इसके साथ ही साथ जैन साहब ने यह भी कहा कि जो बजट पे ा किया गया है उसमें लीकेज बहुत ज्यादा हे और अगर लीकेज को कम कर दें तो खर्चा पूरा हो जाएगा। मैं जैन साहब का भाुक्रगुजार होऊंगा अगर लीकेज दूर करने के बारे में ये कोई ठोस सुझाव देंगे। स्पीकर साहब, आजकल एक और जहनियत पैदा हो गई है कि अगर बजट में कोई टैक्स न लगाया जाए तो कहा जाता है कि बजट में कोई जान नहीं है। स्पीकर साहब, आज जिस जगह पर जैन साहब बैठे हैं, मैं कह नहीं सकता कि वह जगह इसके लिए मौजूं भी है या नहीं। ये ऐसी जगह पर बैठे हैं, जो जगह पुराने जमींदारों के लिए हैं। स्पीकर साहब, पता नहीं इनको याद भी है या नहीं, मैं याद करा देता हूं कि 1938 में ये और मैं कांग्रेस में आए थे और उस समय आसोदा में जमींदारों ने इनकी पिटाई की थी। आज जिस हैसियत में ये वहां बैठे हैं उससे तो ऐसा गलता है जैसे कि ये भाो टोए हहों। इससे ज्यादा कुछ नहीं लगते। (व्यवधान) बी0के0डी0 तो मैंने बनाई थी। चौधरी चरण सिंह उस वक्त बी0के0डी0 में नहीं आए थे और जब वे आए थे तो मैं छोड़ गया था। स्पीकर साहब, जेन साहब ने खादी बोर्ड का जिक्र किया। ये कह रहे थे कि कुछ रुपया खादी बोर्ड का जो चेयरमैन था उसको काम करने का मौका नहीं दिया गया। स्पीकर

साहब, इस बारे मैं मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि अगर चेयरमैन ईमानदारी से काम करना चाहे तो सरकार उसको रोकती नहीं है उसको ऐनकरेज करती है। अगर चेयरमैन यह सोचना भ्राय कर दें कि जो कर्जा दिया जाए उसमें कमी ान ले लूंगा तो यह चीज कैसे सरकार बर्दा त कर सकती है।। (व्यवधान)

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, यह बिल्कुल गलत बात कह रहे हैं। चेयरमैन को जो सस्पैंड किया गया है और जो चार्ज ाीट दी गई है उसमें भी यह चार्ज नहीं है। (व्यवधान)

लाला बलवन्त राय तायलः जैन साह को भ्रांति से सुनना चाहिए। स्पीकर साहब, जैन साहब कह रहे हैं कि यह चार्ज गलत है। अगर जैन साहब, खादी बोर्ड की फाइल देखें तो सब कुछ पता लग जाएगा। खादी बोर्ड का चेयरमैन होने के बाद इस चेयरमैन ने अपनी माली हालत कितनी बनाई है, वह सब पता लग जाएगा। (व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्माः अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री ने जो कुछ कहा है उसके बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः आपको बाद में टाईम मिलेगा, अभी आप बैठिए।

लाला बलवन्त राय तायलः स्पकर साहब, पे कमी ान के ऊपर बोलते हुए इन्होंने वर्क चार्ज के ऐम्पलाइज, टैक्नोक्रटस, डाक्टर्ज तथा दूसरे एम्पलाइज के बारे में कहा। इस पे कमी ान

के बारे में असैम्बली में भी सवाल उठाया गया और इस सम्बन्ध में आधे घंटे का समय डिक्क ान के लिए दिया गया है। स्पीकर साहब, मैं इस बारे में इतना ही कहना चाहता हूं कि जो सुझाव दिए गए हैं उन पर जरूर गौर किया जाएगा, उन पर सोचा जाएगा। अगर सर्विसिज में जैसे टैक्नाक्रैटस, डाक्टर्ज और दूसरी कैटेगरीज में कोई बेचैनी होगी तो सरकार उसको दूर करेगी और पे कमी ान के बारे में जो कमेटी बनाई हुई है वह इस सम्बनध में विचार करेगी।

स्पीकर साहब, यहां पर हरिजन चौपालों के बारे में कहा गया है। चौपालौं की स्कीम 1978–79 में आरम्भ हुई थी। 1980–81 में इनके लिए हमने 25 लाख रुपया रखा है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर हरिजन चौपाल के लिए कहीं से भी डिमान्ड आएगी तो सरकार उसको पूरा करेगी। कोई ऐसी बात नहीं होगी कि कहीं से हरिजन चौपाल की डिमान्ड आए और उनकी मांग स्वीकार न हो। इसलिए हरिजन चौपाली के बारे में कोई बात नहीं है।

श्री मूल चन्द जेनः आप यह बताइए कि सह साल 96 लाख रुपया हरिजन चौपालों के लिए रखा है या पच्चीस लाख रुपया रखा है ?

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, अपनी एक स्पीच में इन्होंने कहा था कि 96 लाख रुपया रखा है और अब यह कह रहे हैं कि पच्चीस लाख रुपया रखा है।

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, 25 लाख रुपया रखा है। स्पीकर साहब, मैंने यह भी कहा है कि हरिजन चौपाल के लिए जहां से भी डिमांड आएगी उसको अव य ही पूरा किया जाएगा। कोई चौपाल बनने से रह जाए यह बात नहीं होगी।

स्पीकर साहब, जैन साहब ने ऐजुके ान के बारे में कहा कि कम खर्च किया है। कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट की वर्किंग के बारे में कहा और ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट के बारे में कुछ बातें कहीं। मैं इनकी इंफमे ान के लिए बताना चाहता हूं कि इन्होंने कितना खर्च किया था और हम कितना खर्च करने जा रहे हैं। स्पीकर साहब, ऐजुके ान पर 1978–79 के अंदर 49.6 करोड़ रुपया खर्च किया। 1979–80 के अंदर 55.36 करोड़ रुपया खर्च किया और 1980–81 के अंदर 58.58 करोड़ रुपया खर्च करेंगे। आप बताइए कि कौन सा खर्च कम किया है ? अब मैं मैडिकल के बारे में बताना चाहता हूं कि 1978–79 में 12.65 करोड़ रुपये खर्च हुए, 1979–80 में 14.48 करोड़ रुपया खर्च किया और 1980–81 में 16. 16 करोड़ रुपया खर्च करने जा रहे हैं लेकिन यह कहते हैं कि हम खर्च कर रहे हैं। स्पीकर साहब, आप यह ऐग्री करेंगे कि सड़कें कितनी जरूरी हैं। इनके बारे में मैं बताना चाहता हूं कि 1978–79 में 20.44 करोड़ रुपये खर्च किए गए। 1979–80 में 21.

46 करोड़ रुपया खर्च किया गया और 1980–81 में 22.86 करोड़ रुपया खर्च कर रहे हैं।

स्पीकर साहब, इसके बाद मैं इरीगे ान के बारे में कुछ फिगर्ज देना चाहता हूं जो कि इस वक्त इकौनमी के लिये बहुत जरूरी है। 1978–79 के अन्दर इस पर 97.24 करोड़ रुपया, 1979–80 के अन्दर 104.51 करोड़ रुपया और 1980–81 के अंदर इसके ऊपर इसके ऊपर 110.39 करोड़ रुपया खर्च किया गया। आप ही अब देख लीजिये कि इस स्कीम पर जो ये कहते हैं कि कम खर्च किया है, क्या कम खर्च हुआ है ? स्पीकर साहब, इससे आगे मैं वैलफेयर आफ भाडयूल्ड कास्टस ऐंड बैकवर्ड क्लासिज डिपार्टमैंट के बारे में भी कुछ फिगर्ज देना चाहता हूं। 1978–79 में 3.57 करोड़ रुपया, 1979–80 में 5 करोड़ और 1980–81 में 5. 61 करोड़ रुपया इन जातियों की बहबूदी के लिये खर्च किया गया।

स्पीकर साहब, अब मैं कृशि के बारे में भी कुछ फिगर्ज यहां पर बताना चाहता हूं। कृशि को बढ़ावा देने के लिये 1978–79 में 13.57 करोड़ 1979–80 में 20.22 करोड़ और 1980–81 में 20.41 करोड़ रुपये की रा ि ा रखी गयी है। मैंने अभी थोड़ी थोड़ी सी फिगर्ज यहां पर दी हैं और ये लोग अभी भी यह कहते हैं कि गांवों में सरकार ने बहुत कम खर्च किया हैं अधिकन न कहते हुए मैं इतना ही कहूंगा और मुझे इस बारे में एक भोर याद आ गयाः

खुद कांटे बिछाये बैठे हैं राहों पर,

और उम्मीद करते हैं कि बहार आयेगी।

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मुझे जवाब देने का मौका होना चाहिये

आप गैरों की बात करते हैं,

हमने अपने भी आजमाये हैं,

आप कांटों की बात करते हैं,

हमने तो फूलों से जख्म खाये हैं।

श्री कन्हैया लाल पोसवालः स्पीकर साहब, मैं भी एक भोर अर्ज कर देता हूं–

अपना भोवा कि जलाते हैं अन्धेरे में चिराग,

उनकी साजि ा है कि जमाने में सदा रात रहे।

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि सरकार हर तरफ उन्नति के पथ पर सदा ही अग्रसर रही है। चौधरी राम लाल जी और जैन साहब ने भी अपनी स्पीच में बोलते हुए काफी बातें सरकार के बारे में कहीं। चौधरी राम लाल वधवा जी को मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि चौधरी राम लाल जी जिस वक्त हम और आप सभी दिल्ली में इकट्ठे हुए थे,

आपने अपना इस्तीफा लिखकर जेब में डाल दिया था और यह कहा था कि मैं चण्डीगढ़ जाते ही यह गवर्नर साहब को दे दूंगा तथा इस हरियाणा सरकार को बदलवा देंगे। स्पीकर साहब, वह इस्तीफा पता नहीं करनाल आने पर कहां पर रह गया, यह सब कुछ ही भूल गये। (ाोर एव व्यवधान)

आवाजें: स्पीकर साहब, यह बिल्कुल गलत कह रहे हैं।

लाला बलवन्त राय तायल: स्पीकर साहब, इन्होंने बोलते हुए मेरे बारे एक और बात कही कि मैं गांधीवादी हूं और प्रोहिबि ान की पालिसी की मदद करूंगा तथा सारे हरिणाा में भाराब बन्दी कर दूंगा। स्पीकर साहब, मेरा भी यही विचार था कि ये आर0एस0एस0 वाले जिसक श्री राम लाल जी सेवक हैं, भी भाायद राजनीति को छोड़ कर ऐसे सामाजिक काम करेंगे पर इन्होंने तो खुद दुकानें खोलने के लाइसैंन्स मांगे। इसी तरह हमारे माननीय देसराज जी ने भी बोलते हुए कहा कि चौधरी राम लाल जी ने सुरा के लिये लाईसैंस लिये लेकिन इन्होंन इससे भी इन्कार किया। स्पीकर साहब, सुरा, आयुर्वैदिक दवाई के नाम से एक भाराब बनाई जाती है जिसके अन्दर 44 परसैंट भाराब के अं ा होते हैं जबकि असली भाराब में 50 परसैंट अं ा होते हैं। हरियाणा में 20 प्रति ात से ऊपर तक जिसमें भाराब हो, भाराब का अं ा हो, वह दवाई बिक नहीं सकती। इसलिये ये लोग मंसूरी जैसी जगहों पर, जहां कि टोटल प्रोहिबि ान है, दवाईयों के तौर पर सुरा को बेचते हैं लेकिन इसके बावजूद इन्होंने इंकार किया

कि हमारा किसी कम्पनी में कोई भोयर नहीं है। फैक्ट यह है कि इनके लड़के का उसके अन्दर भोयर है। (ाोर एवं व्यवधान)

आवाजें: नाम बता दें स्पीकर साहब।

लाला बलवन्त राय तायल: नाम भी बता देता हूं। अ ाोक कुमार उसका नाम है, मृत्यु संजीवनी सुरा के नाम से लाईसैंस लिया हुआ है। (विघ्न) स्पीकर साहब, इसको एल–2 का लाइसैंस कहते हैं। स्पीकर साहब इन्होंने बोलते हुए कहा था कि इस बजट स्पीच में टैक्सों के लिये कोई तजवीजें नहीं दी गई हैं, यह तो लक्ष्यहीन बजट हैं। मैं नहीं समझता कि लक्ष्य वाला बजट कौन सा है और लक्ष्यहीन कौन सा है ? हरियाणा की जनता के लिये जो इस बजट में टैक्सों का कोई प्रोवीजन नहीं किया गया है, उससे तो मैं समझता हूं कि हरियाण की जनता ने सुख का सांस लिया है। आज यह इस बजट को लक्ष्य हीन कहते हैं ? अगर ये लोग कहीं बाहर जनता के सामने जाकर ऐसा कहें तो कोई इनकी बात सुनने के लिये तैयार नहीं होगा।

स्पीकर साहब, इस बजट पर डिसक ान के समय बोलते हुए चौधरी जगजीत सिंह पोहलू जी ने कुछ तजवीजें दी हैं और साथ में उन्होंने इसकी तारीफ भी की है। सरकार उनकी तजवीजों को ध्यान में रखे हुए हैं और जो बातें उन्होंन कहीं हैं। उनकी तरफ सरकार पूरा ध्यान रखेंगी और जो तजवीजें मानने योगय हौंगी उनको अव य अमलीजामा पहनाया जाएगा।

स्पीकर साहब, हीरा नन्द आर्य जी ने बोलते हुए अपने विचार इस हाउस के सामने रखे जो कि स्कूलज के अपग्रेडे ान के सम्बन्ध में थे। उन्होंन कहा कि जहां जहां जरूरत समझी गई वहां पर स्कूल्ज अपग्रेड कर दिये गये। सरकार ने यह देखा है कि जिस तरह से उन्हौंने स्कूल्ज को अपग्रेड किया है, उससे उन्होंन अपना पोलिटिकल अखाड़ा बनाने की कोि ा ा की है। अगर वे यह कोि ा ा करते कि जहां जहां कमी है वहां पर ही स्कूल्ज अपग्रेड किये जोएं तो बेहतर था पर उन्होंने तो अपने ही हल्के को प्राथमिकता दी। पब्लिक की जरूरतों को बिलकुल मद्देनजर नहीं रखा। फिर भी सरकार ने यह फैसला किया हे और मुख्य मंत्री महोदय ने यह कह भी दिया है कि जहां जहां बिल्डिंगें बनी होंगी, वे लोग सभी तरह की जरूरतों को पूरा करते होंगे तो वहां पर अपग्रेडे ान में किसी प्रकार की डिले नहीं की जायेगी और ऐसे सभी स्कूलों को अपग्रेड कर दिया जाएगा इसके साथ साथ जो स्कूलज इन्होंने अपग्रेड किये थे, वे भी अगर सारी फारमैलिटीज फुलफिल करते होंगे तो उन स्कूलों को भी वैसे के वैसे रखने का वायदा किया गया है। इसलिये इस सरकार को निश्पक्षता का वातावरण बनाना होगा ताकि जनता के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो सके और जनता यह महसूस न करे कि हमारे साथ भेदभाव हो रहा हे।

इससे आगे मैं स्पीकर साहब, कहना चाहता हूं कि हमारे एक आनरेबल मैम्बर श्री मांगेराम गुप्ता जी ने कहा है कि

रामलीला के वक्त पर उन लोगों से बिजली की खपत के लिये फ्री यूनिट कीमत ज्यादा ली जाती है। जबकि रैड क्रास फेयर्ज में फ्री यूनिट कम ली जाती है इसके लिये हम ने यह किया है कि हम इनके रैट्स एक सा कर देंगें। इस सुझाव के लिये मैं उनका एहसान मन्द हूं। उन्होंने और भी बड़े अच्छे अच्छे सुझाव दिये हैं, उनको भी ध्यान में रखा जाएगा।

18.00 बजे

स्पीकर साहब, जब डा0 मंगल सैन जी बोलने के लिए खड़े हुए तो मेरा ख्याल यह था कि ये सन् 57 से एम0एल0ए0 चलते आए हैं, बीच में एक दफा 1972 में हार गये थे। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः आप तो तीन बार हारे हो।

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, डा0 मंगल सैन ने इस बात पर बड़ा जोर दिया कि यह दल बदलुओं की सरकार है और मैं सुनता रहा। मैं तो सोच रहा था कि ये पुराने मैंबर हैं और कोई तजवीज देंगें कि घाटे को कैसे पूरा किया जाए लेकिन इन्होंने कोई तजवीज नहीं दी। इससे तो यही लगता है कि इन्होंने बजट पढ़ा ही नहीं होगा। इन्होंने जो दल बदल की बात कही मैं उसके बारे में कुछ बताना चाहता हूं। जब जनता पार्टी बनी तो जिन पार्टियों ने जनता पार्टी बनाई थी उन्होंन अपने आपको खत्म करके बनाई थी लेकिन ये वह लोग थे जिनहोंने अपने असली रूप को नहीं छोड़ा। इनका ब्यान ाि कि दस साल

के बाद हम दे ा के ऊपर राज करेंगे। तो स्पीकर साहब ये लोग ऐसे ख्वाब लेने लग गए थे। जब हिन्दुस्तान की डैमोक्रेटिक फोर्सिज ने इस बात को सोचा कि अगर दस साल के बाद इन लोगों ने * * * * * * * तो इन लोगों को आज ही क्यों न उखाड़ दिया जाए। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः वे नै ानल मानुमैंटस है और उनके बारे में हाउस में आज तक कभी कोई भाब्द नहीं आया लेकिन उसके बावजूद ये ऐसी बात कर रहे हैं (ाोर) It should not be allowed to be recorded. (Interruptions)

Mr. Speaker: I will examin it and if it is unparliamentary or unjustified, I will get it expunged.

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब यही बात तो मैं कहता हूं कि सारा हिन्दुस्तान मानता है कि वह इन्सान एक मानूमैंट है लेकिन ये नहीं मानते। इनको तो महात्मा गांधी का पूरा नाम पता नहीं है। (ाोर) स्पीकर साहब, मैं थोड़ा सा और आगे जाना चाहता हूं कि ये लोग दूसरों को तो कहते हैं कि लेकिन अपनी डबल मैंबरि ाप के मामले पर फैसला करने के लिए तैयार नहीं हैं। स्पीकर साहब, इनका दिमाग उसी तरह का बना हुआ है जैसा आपको याद होगा कि दुनिया के अन्दर हिटलर नाम का एक आदमी पैदा हुआ था और वह कुछ फोर्सिज का सहारा लेकर जर्मनी के ऊपर हावी हो गया था। उसी तरह से ये आदमी जनता पार्टी कै कुछ आदमियों को लेकर दे ा पर कब्जा करना चाहते

थे। जिस दिन हिटलर ने जर्मन के ऊपर काबू पाया उसी रात को उसने अपने लाखों विरोधियों का कत्ल करवा दिया। उस भाख्स ने कहा कि जर्मनों ने यह क्यों नहीं कहा कि तुम सबसे महान आदमी हो और तुम दुनिया पर राज करों। तो जब उसके मुकाबले में डैमोक्रेटिक फोर्सिज इकट्ठी हुई। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, क्या ये बजट का जवाब दे रहे हैं और जर्मनी पर बोल रहे हैं ? (ाोर)

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, दुनिया की डैमोक्रेटिक फोर्सिज ने उस नाजी डिक्टेटरि ाप का मुकाबला किया जिसने 40 लाख आदमियों को मरवाया (ाोर)

Mr. Speaker: On a point of order, Sir. How is he relevant ? स्पीकर साहब, इन्हें डिबेट के संबंध में रैलेवैंट बोलना चाहिए। यहां हाउस में ऐसी कोई बात नहीं आई कि हमने इनको कहा हो। कि ये हिटलर के प्रतीक हैं। अगर तो किसी ने ऐसी बात कही हो तब तो जवाब दें लेकिन हमने तो ऐसा जिक्र ही नहीं किया। हमने तो कहा था कि आपने दल क्यों बदला, जनता से वि वासघात क्यों किया ? (ाोर)

Local Government Minister (Chaudhri Khurshid Ahmed): It is not a point of order. (Interruptions)

Dr. Mangal Sein: Who is he to check me ? Mr. Speaker, Sir it is for you to judge. He shouldc not be allowed to assume the powers of the Chair.

Mr. Speaker: Hon. Members, I would request you not to interrupt the speech too much. I have always requested the hon. Members not to stray away from the subject in hand. Even previously, I am sorry to say that most of the members strayed away from the subject in hand. There was a lot of talk about defection which had no relevance to the Budget. I can only request the hon. Members to stick to the subject in hand and not to stray away from it.

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, मैं बजट स्पीच में ये बाते नहीं लाना चाहता था लेकन जितने भी आर0एस0एस0 वाले बोले इन्होंने बोलते हुए सिवाए दल बदल की बात के और कोई बात नहीं की। स्पीकर साहब, मैं बता रहा था कि दुनिया के 40 लाख आदमियों को हिटलर द्वारा मरवाया गया और डैमोक्रेटिक फोर्सिज ने जब उसका मुकाबला किया तो जर्मनी के दो टुकड़े हुए। (ाोर)

श्रीमती डा0 कमला वर्माः स्पीकर साहब, इस बात का इससे क्या संबंध है ? (ाोर)

Mr. Speaker: I have already given my ruling that the hon. Members should stick to the subject in hand, but I am sorry to say that almost every member referred to defection which had nothing to do with the Budget. So, I can only say that my ruling will equally apply to both the sides. It the members from this side (Opposition) did not desist from making references to the defection, how can I now check the Finance Minsiter from giving the reply to that point. (Interruptions)

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, मैं इस बारे में और ज्यादा नहीं कहूंगा। स्पीकर साहब, डा0 मंगल सैन ने एक दो बातें और कहीं। वैसे तो इनका रोल जो था वह मैंने भ्रुरू में कहा कि जैसे कोई ड्रामें के अन्दर पार्ट प्ले करता है उसी तरह का था एक बात इन्होंने मोरनी हिल्ज के बारे मैं कहीं (ाोर)

डा0 मंगल सैनः * * * * *

श्री अध्यक्षः यह रिकार्ड न किया जाए।

लाला बलवन्त राय तायलः * * * * *

डा0 मंगल सैनः * * * * *

श्री अध्यक्षः ये बाते रिकार्ड न की जाएं। I would request the Hon. Minister not to pass uncomplementary remarks about senior legislators in the Opposition.

* * * * *

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, डा0 साहब ने बजट पर चर्चा करते हुए मोरनी हिल के बारे में कुछ बातें कही थीं। उन बातों का जवाब मिनिस्टर कंसर्न्ड ने भी इनको दिया और हमारे आनरेबल मैम्बर श्री लछमन सिंह जी ने भी दिया। स्पीकर साहब, जितनी बातें मोरनी हिल के बारे में इन्होंने बनाई हुई हैं उतनी बातें नहीं हैं बल्कि जो गवर्नमैंट ने ठेके दिए थे उसी के मुताबिक दरख्तों की कटाई हुई है। स्पीकर साहब, इसके बाद हमारे आनरेबल मैम्बर चौधरी गया लाल जी ने रिजर्वे ान के बारे

में और मेवाल डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाने के बारे में गवर्नमैंट को भााबा ाी दी और कहा कि ये दोनों काम निहायत ही जरूरी थे। स्पीकर साहब, मैं पिछले दिनों मेवात एरिया देखने के लिए गया था क्योंकि इससे पहले मैंने कभी भी मेवात एरिया नहीं देखा था। जब मैंने यह देखा कि हरियाणा प्रान्त में ऐसा इलाका अब भी मौजूद है जब कि हरियाणा प्रान्त हिन्दुस्तान भर में विकास के कार्यों में तीसरे नम्बर पर है, मुझे यह कहना पड़ा कि इस इलाके की डिवल्पमैंट की बहुत जरूरत है। सरकार ने मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बना कर इस इलाके के साथ बहुत भलाई का काम किया है। स्पीकर साहब, हमारे आनरेबल मैम्बर चौधरी सतवीर सिंह मलिक जो कि पिछली जनता पार्टी की सरकार में फाईनैंस मिनिस्टर रह चुके हैं, उन्होंने बजट पर चर्चा करते हुए कुछ बातें कहीं। उन्होंने यह का कि इस सरकार के ताकत में आने के बाद जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया गया और यह भी कहा कि जब उस समय की जनता पार्टी के भाासन में हरियाणा में ओलावृश्टि हुई थी तो उस सरकार ने किसानों की बहुत ज्यादा इमदाद की थी। स्पीकर साहब, इस सरकार के सत्ता में आने के बाद तो हरियाणा प्रान्त में ओलावृश्टि हुई ही नहीं है। ओला वृश्टि तो उसी सरकार के समय में होती थी ..... ।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, इनकी सरकार के समय में ओलावृश्टि तो नहीं हुई लेकिन कहर तो पड़ा हुआ है।

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, मैं आपके सामने एक गांव में ओला वृश्टि में हुए नुकसान के बारे में दी गई सहायता के आंकड़े रखता हूं। चौटाला गांव के अन्दर 19 हजार 52 एकड़ जमीन है। 19 हजार 52 एकड़ जमीन में से यह माना गया है कि 2/3 जमीन की का त होती है। इस 2/3 जमीन के अन्दर 3345 एकड़ जमीन में गेहूं की का त थी और 9682 एकड़ जमीन में चने की का त थी। इस तरह से कुल 13027 एकड़ जमीन में का त थी और जब वहां से आंकड़े लिए गये तो 2422 एकड़ जमीन की बजाये 923 एकड़ जमीन में नुकसान हुआ था। उस समय की जनता पार्टी की सरकार ने उस नुकसान के लिए चौटाला गांव में 24 लाख 40 हजार 140 रुपए दिए। स्पीकर साहब, वह सारा रुपया उन गरीब किसानों को नहीं मिला बल्कि वहां के जो बड़े बड़े जमींदार थे उनको वह सारा रुपया मिला। स्पीकर साहब, उसी साल उस गांव में जो मंड़ी के लिए जगह बनाई हुई थी उसमें 8 हजार टन गेहूं की सरकार ने खरीद की थी। ये तो मैंने एक ही गांव के आंकड़े बताये हैं जो कि उस समय की जनता पार्टी की सरकार ने गरीब किसानों के नाम खैरात दी थी। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी गंगा रामः स्पीकर साहब, आप भी किसान हैं। इन्होंने बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज को तो 6–6 और 7–7 करोड़ रुपए दे दिए लेकिन ये किसानों के डैमेज को खैरात कहते हैं किसानों के खून पसीने की कमाई को खैरात कहते हैं। (ाोर एवं विघ्न)

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि जो बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज को सबसिडी दी जाती है वह तो सैंट्रल गवर्नमैंट देती है। हरियाणा सरकार का उससे कोई ताल्लुक नहीं है। स्पीकर साहब, सरकार के पास लैण्ड रेवेन्यू का 4 करोड़ 35 लाख रुपया आता है और एक करोड़ 97 लाख रुपए इस रेवेन्यू के कलैक्ट करने पर खर्च हो जाते हैं और इसमें ऐक्साइज एण्ड टैक्से ान का 45.28 परसैंट रुपया लैण्ड रेवेन्यू का और खर्च होता है। स्पीकर साहब, 1979–80 का लैण्ड रेवेन्यू 138.06 करोड़ रुपए बनता है जबकि कलैक ान हुई है। 2.31 करोड़ रुपए यानी 1.6 परसैंट। स्पीकर साहब, ये तो मैंने लैण्ड रेवेन्यू की मोटी मोटी फिग्र्ज बताई हैं। स्पीकर साहब, इसके बाद मैं थोड़ी बातें इरीगे ान सिस्टम के ऊपर बताना चाहता हूं। इस सिस्टम से जो हमारी आमदनी है वह 11.57 करोड़ रुपए की ळे और इस पर जो खर्चा होता है वह 16.80 करोड़ रुपए है। इस प्रकार से हमें हर साल लगभ 5–6 करोड़ रुपए का घाटा रहता है और पिछले 3–4 साल से लगभ हर साल इतना ही घाटा रहा है। स्पीकर साहब, मैं हाउस का थोड़ा समय और लूंगा। मेरे साथियों ने कुछ और भी इल्जाम लगाए हैं। हमारे आनरेबल मैम्बर श्री कंवल सिंह जी ने जो कि कैप्टन रणजीत सिंह जी के लड़के हैं और जिनकी कांस्टिचुऐंसी मेरी कांस्टिचुऐंसी के साथ ही लगती हैं, कुछ ऐसी बातें कहीं जो उनको नहीं कहनी चाहिएं थी। उन्होंने कहा कि ऐक्साइज एण्ड टैक्से ान से सरकार को बहुत आमदनी होती है लेकिन इस साल की रिकवरी कम है। स्पीकर साहब, पिछले साल

ऐक्साइज एण्ड टैक्से ान से सरकार को 132 करोड़ रुपए की आमदनी हुई थी लेकिन इस साल फरवरी तक 135 करोड़ हो चुकी है। अब हम उम्मीद करते हैं कि हमारी आमदनी सेल्ज टैक्स से 69.5 परसैंट होगी, यह पहले से बढ़ेगी। स्पीकर साहब, इनको यह ख्याल था कि रेवेन्यु की रिसीट चूंकि कम आई हैं। इसलिए कहीं खाते न बदल लिए हों स्पीकर साहब, खाते ऐसे नहीं बदले जाते। चंदा इकट्ठा करने के लिए इनके पास दो ही तरीके हैं। एक तरीका यह है कि जिस तरह इन्होंन किसानों से चन्दा इकट्ठा किया था और दूसरा तरीका डा0 मंगल सैन के पास हैं,उनसे पूछ लेते। (व्यवधान) स्पीकर साहब, मेरी कांस्टिचुऐंसी में एक स्कूल था जिसके बारे में कई मैम्बरों ने कहा कि खाली करवा लिया गया। इस स्कूल के खिलाफ 1976 में डिक्री हुई थी, हमने इस डिक्री को ऐग्जिक्यूट करवाया है। इन्होंने कहा था कि हमने भाक्ति में आने के बाद स्कूल को खाली करवाया ऐसी बात नहीं है, हमने तो डिक्री को जो 1976 में हुई थी, एग्जिक्यूट करवाया है। इन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री की कांस्टिचुऐंसी में कत्ल हुआ और इस कत्ल को इनके नाम लगा दिया, कभी कह दिया कि सरपंच को पिटवा दिया। अगर मैं यह कहूं कि इन की कांस्टिचुऐंसी में कत्ल हुआ है और उस कत्ल को इनके जिम्मे लगा दूं तो कोई अच्छी बात नहीं है। मुख्यमंत्री की कांस्टिचुऐंसी में अगर कत्ल हुआ है इसका मतलब यह तो नहीं है कि उन्होंने किया है या किसी को पिटवाया है। (व्यवधान) स्पीकर साहब, थोड़ी सी बातें हाउस को और बताचना चाहूंगा। श्री इन्द्रजीत सिंह

हाउस के यंग मैम्बर हैं, इन्होंने अपनी तकरीर में बड़ी अच्छी तजवीज दी। इन्होंने कहा कि जुडीि ायरी और ऐग्जैंक्टिव के पे स्केल्ज में डिफ्रैंस नहीं होना चाहिए। बजट पर डिसक ान करते समय अगर ऐसी बातें बताई जाएं तो जो कमी रह जाती है वह दूर हो सकती है। श्रीमती सुशमा स्वराज ने भी कुछ बातें कहीं। मैं सोच रहा था कि सुशमा जी तैयार हो कर आयेंगी और हाउस में कुछ तजवीजें रखेंगी। (व्यवधान) सुशमा जी ने कोई सुझाव नहीं दिया। यहीं कहा कि हमें खर्च को कम करना चाहिए, टैक्स इवेजन को रोकना चाहिए और फैक्ट्री के आफिसिज हरियाणा की टैरिटरी के बाहर न जाने दीजिए, इस तरह थोड़ी सी बातें कहीं लेकिन ठोस सुझाव कोई नहीं दिया। स्पीकर साहब, मैं सदन के नोटिस में एक बात और लाना चाहता हूं। कुछ लोगों का ख्याल है कि सेल्ज टैक्स में कमी हुई है। वह कभी इसलिए हुई है कि प्रान्त में कहर पड़ गया और किसानों के 165 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। मंडिया में अनाज आने से, चावल आने से 5–6 करोड़ रुपये के बीच सेल्ज टैक्स आना था, वह नहीं आ सका क्योंकि फसल नहीं हुई। श्री सुरेन्द्र सिंह जी, मेरे अजीज हैं। इन्होंने कहा कि नहरों में पानी नहीं है और पानी की कमी को दूर करने के लिए एस0वाई0एल0 और हथनी कुंड की नहरों का निर्माण हरियाण सरकार को करना चाहिए। मैं मानता हूं कि पंजाब से जो पानी पाकिस्तान को जाता है, अगर वह हरियाणा को न मिला और पंजाब सरकार का यही रवैया रहा तो सैंट्रल गवर्नमैंट को हमारी मदद करनी पड़ेगी और हरियाणा को पानी देना पड़ेगा।

सैंटर हमें मदद देगा क्योंकि आज सैंटर मजबूत हैं स्पीकर साहब, हथनी कुंड के मसले का पहले ही फैसला हो जाता अगर यू0पी0 वाले हमसे पहले बात करते चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला ने जो सुझाव रखे, मैं उनका बड़ा अहसानमन्द हूं। जो सुझाव उन्होंने रखे हैं, उन पर सोचने वाली बात है। स्पीकर साहब, मेरे साथियों ने बजट पर बहस करते समय जो जो तजवीजें दी हैं। जो कटाद्वा किये हैं। मैंने उस सब बातों के बारे में हाउस में कहा। अब मैं आ ाा करता हूं कि तमाम साथी इस बजट को खूबसूरती के साथ पास करेंगे और हरियाणा के लोगों को अच्छा नक ाा देंगे, ताकि बगैर टैक्स के बजट से स्टेट का काम चल सके।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

(1) चौधरी राम लाल वधवा द्वारा

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मैं वैयक्तिक स्पश्टीकरण देना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा अफसोस है कि एक जिम्मेदार व्यक्ति ने जिनके बारे में मैंने पहले कहा कि वे गांधीवादी विचारधारा के व्यक्ति हैं, गांधीवादी होते हुए भी बड़ी गलत बात कही है। अगर सच बात होती तो मुझे गिला न होता। अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई भाक नहीं कि करनाल में एक आयुर्वेदिक फैक्टरी खोलने के लिए दो डाक्टरों ने लाइसैंस मांगा जिसमें मेरा लड़का भोयर होल्डर था। डाक्टर ने बात की कि हम

दोनों फैक्टरी लगायेंगे और लाइसैंस लेने के लिए एप्लाई किया। उन्हौंने नौ दस आइटम्ज बनानी थी जैसे च्यवन प्रा ा है। (व्यवधान) आप मेरी बात को सुन तो लो। अध्यक्ष महोदय, इन आइटम्ज में एक आईटम थी 'मृत संजीवनी सुरा'। 'मृत संजीवनी सुरा' आयुर्वेदिक दवाई है लेकिन प्रोहिबिटिड ऐरिया में जब यह जाती है तो लोग भाराब के बदले में इसे इस्तेमाल करते हैं उन्होंने इस फैक्टरी के लिए जगह ली थी, फैक्टरी लगाने के लिए सामान भी आ गया था लेकिन वह फैक्टरी नहीं लगाई गई। (व्यवधान) हमारे ऐक्साईज एंड टैक्से ान मिनिस्टर को जहां इस बात का पता है कि मेरा लड़का फैक्टरी में हिस्सेदार है, वहां वे यह भी पता कर लेते कि वह फैक्टरी बनकर तैयार भी हुई है या नहीं क्या चालु हुई है या नहीं ?

श्री अध्यक्षः अब काफी हो गया। आपने बता दिया कि आपने वह फैक्टरी नहीं चलते दी।

चौधरी राम ताल वधवाः अध्यक्ष महोदय, मुझे पूरी बात तो कहने दें।

Mr. Speaker: I am sorry. I cannot give you more time. आपने ऐक्सप्लेन कर दिया कि आपने फैक्टरी नहीं लगाई।

चौधरी राम ताल वधवाः इसके बाद कुछ लोग लाइसैंस लेने के लिए इनके पास गए। उनसे इन्होंने कहा कि इस तरह की फैक्टरी पर पाबन्दी लगा दी जाए। कुछ दिनों के बाद कुछ लोग

इनके पास फिर पहुंचे और उनके ऊपर पाबन्दी नहीं लगाई। क्या ये मुझे बताएंगे कि उनके ऊपर इन्होंने पाबन्दी लगाई ? (ाोर) मैं मांग करता हूं कि इस पर तुरन्त पाबन्दी लगाई जाये। महोदय ये जेल में मेरे साथी रहे हैं और इनको देखकर यही लगता है :–

दोस्तों की जान पर सदमे उठाए

दु मनों की बेवफाई का ठिकाना

श्री जय नारायण वर्मा: अध्यक्ष महोदय, मुझे पर्सनल ऐक्सप्लेने ान के लिए समय दिया जाए।

Mr. Speaker: When you were called upon earlier, you were not ready. You cannot make a joke of it like this. (Interrupitions) I called upon you 3-4 times but, I am sorry to say, you were fumbling about at that time and were not prepared for it. Now you are intervening in the half an hous discussion and asking for time for making personal explanation for which there is not occasion now. Do not tax my patience to break it. मैंने आपे कहा था कि डिबेट के आखिर में आपको समय मिलेगा and I gave you the chance but you were not ready for it.

Chaudhri Ram Lal Ji, you please wind up now.

चौधरी राम ताल वधवा: ठीक है जी, मैं पांच मिनट में ही सारी बातें मुकम्मल करके खत्म कर देता हूं। केवल दो तीन कैटेगरीज के विशय में ही अर्ज करके एच0सी0एस0 के बराबर होते

थे जैसे ऐक्सीयन और एच0सी0एस0 के ग्रेड्ज बराबर के होते थे। अब उन ग्रेडज में काफी अन्तर है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इनको बराबर किया जाये। अगर मैं इन सारे ग्रेडज को पढ़ने लूं तो बहुत समय लगेगा, काफी लम्बा चार्ट है। लेकिन सरकार ने जो पे स्केल दिये हैं उनके बारे में अव य अर्ज करना चाहता हूं। आजकल ये जो टोटल पे ले रहे हैं। उससे कम तन्खाह नये स्केल में बनेगी। जब पुराने स्केल के अन्दर अधिक तनखाह बैठती है तो ये नये स्केल लेने का क्या लाभ हुआ ? इसी तरीक से लैक्चरार का पे स्केल 700—1400 का था। अब नया पे स्केल 630 से भुरू होता है। ऐसी ही हालत एस0डी0ओ0, ऐक्सियन, अकाउन्टैन्ट, जूनीयर आडिटर, सीनियर आडिटर आदि की है। सब के पे स्केल कम हैं।

स्पीकर साहब, अब मैं जेल डिपार्टमैंट के कर्मचारियों के विशय में भी अर्ज करना चाहता हूं। जेल और पुलिए के कर्मचारियों क एक ही कैटेगरी होती है और दोनों के फंक ानज भी एक ही होते हैं। इसलिए उनके पे स्केल भी बराकर के होने चाहिएं। डिप्टी सुप्रिन्टैन्डैन्ट जेल पुलिस के बराबर और असिस्टैंट सुप्रिन्टैंन्डैन्ट जेल पुलिस के सब इंस्पैक्टर के बराबर होता है। पुलिस से भी कई कार लोगों को जेल डिपार्टमैंट में लेते हैं लेकिन इन दोनों डिपार्टमैंटस के ग्रेडज में काफी अंतर है। इसी प्रकार के सैक्रेटेरिएट के सुप्रिन्टैंन्डैंटस में और दूसरे विभागों के सुप्रिन्टैंडैंटस में अन्तर रखा गया है। इसी तरह से यदि कोई

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट में इन्स्पैक्टर होता है और उसकी प्रोमो ान असिस्टैंट मैनेजर की हो जाये तो आज वह तनख्वाह ले रहा है नय स्केल में उसे उससे कम मिलेगी। इसके अलावा पहले ग्रेडज में जो अन्तर था वह अन्तर नए ग्रेडज में नहीं रखा गया। टैक्नोक्रेटस को सरकार की तरफ से यह आ वासन दिया जा चुका है कि उनकी कान्फीडेन्ज़ल रिर्पोट डीसी नहीं लिखेगा लेकिन वह अब भी लिखता है यह गलत बात है। डाक्टर और इंजीनियर तो प्रान्त की प्रगति की रोड़ की हड्डी होते हैं। असल मायनों में डिवैल्पमैंट को इंजीनियर्ज और डाक्टर्ज ही करते हैं। इसलिए उनको एच0सी0एस0 के बराबर समझा जाना चाहिए और बराबर के ही पे स्केल दिये जाने चाहिएं। इन भाब्दों के साथ मैं अपना स्थान लेता हूं। लेकिन बैठने से पूर्व सरकार से प्रार्थना करता हूं कि जिनके साथ फर्क हो रहा है उस फर्क को दूर करके इस रिपोर्ट को जल्द से जल्द लागू किया जाये।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने प्र ान संख्या 1417 पर कुछ लोगों की मांग पर आधा घन्टा की डिस्क ान को स्वीकार किया है। प्र न काल में इस प्र न के उत्तर में बताया गया था कि पे कमी ान की रिपोर्ट वर्कचार्ज्ड कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी लेकिन स्पीकर साहब टर्म्ज आफ रैफरेन्स में यह लिखा हुआ है कि आल कैटेगरीज आत इम्पलाइज चाहे वह टैम्परेरी हो, चाहे ऐडहाक हो या वर्क चार्ज्ड हो या

रैगुलर हो उन सब कर्मचारियों पर वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होगी।

स्पीकर साहब, मैं ज्यादा तफसील में न जाकर कुछ भाब्द रिर्पोट बारे में भी अर्ज करना चाहती हूं। मुख्य मंत्री और वित्त मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि इस आयोग की सिफारि ात वर्कचार्ज्ड पर लागू नहीं होगी। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि उन गरीब वर्कचार्ज्ड से क्या इनको कोई हमदर्दी नहीं है ? हमारे हरियाण में 35 हजार व्यक्ति वर्कचार्ज्ड हैं। 20—20 साल से और दस दस साल से वे सर्विस कर रहे हैं लेकिन वे सरकार का अंग नहीं हैं। आपको यह सुनकर दु:ख होगा कि ऐसा कर्मचारी बीस साल से काम कर रहा है लेकिन उसको कोई भी सर्विस बैनेफिट नहीं दिया जाता है जैसे मैडिकल, ग्रैचुटी, पेन् ान, जी0पी0एफ0, इन् ाोरेन्स आदि। आप इस बात से और ज्यादा हैरान होंगें कि उसके मरने के प चात उसकी फैमिली को कोई फैमिली पैन् ान भी नहीं दी जाती है। स्पीकर साहब, यदि हमारे घर में कोई पांच साल नौकर काम करता है और पांच साल के प चात जब वह नौकरी छोड़ कर जाता है तो स्वाभाविक रूप से उसके साथ हमें भी मोह हो जाता है परन्तु जो व्यक्ति सरकार की 25 वर्श तक नौकरी करता है, उसको कोई सिक्योरिटी आफ सर्विस नहीं। उसको दूध में से मक्खी की तरह निकाल कर फैंक दिया जाता है। इन्होंने कहा है कि वर्कचार्ज्ड ऐम्पलाइज वेतन आयोग की टर्म्ज आफ रेफरैन्स में नहीं आते हैं। लेकिन मेरी

प्रार्थना यह है कि उनको रैगुलर कर दिया जाये और उन पर भी पे कमी ान की रिर्पोट लागू की जाये। जिस प्रकार हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने ऐडहाक कर्मचारियों को दो वर्श के प चात रैगुलर कर दिया उसी प्रकार से इनको क्यों नहीं किया जा सकता ? यदि दो साल के कर्मचारियों को रैगुलर किया जा सकता है तो बीस बीस साल वालों को क्यों नहीं किया जा सकता ? उन्होंने कौन सा ऐसा गुनाह किया है जिसकी वजह से ऐसा नहीं हो सकता। क्या सरकार उन गरीब लोगों पर अनायत नहीं कर सकती ?

स्पीकर साहब, समय का अभाव है इसलिए एक दो और कैटेगरीज के बारे में अर्ज करना चाहूंगी क्योंकि डिटेल में तो चौधरी राम लाल वधवा ने जिक्र कर दिया है। हमारे यहां स्कूल इन्सपैक्टर की पोस्ट होती हैं वे करीब साठ या सत्तर ही होंगे। उन्हें इस वक्त डिमान्सट्रेटर का ग्रेड तो 225–400 का स्केल दिया हुआ था। वेतन उन्हें इस वक्त डिमान्सट्रेटर का ग्रेड तो 500–800 कर दिया परन्तु इन्सपैटर स्कूल का ग्रेड 225–400 ही रहने दिया जब कि डिमान्सट्रेटर का भी इतना ही ग्रेड था। इसलिए दोनों को बराबर स्केल दिया जाये। सरकार के खजाने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा। डिमान्सट्रेटर की क्वालिफिके ान बी0एस0सी0 होती है और स्कूल इन्सपैक्टर की बी0ए0 होती है लेकिन उसके साथ डिप्लोमा भी होता है। इन भाब्दों के साथ आपका धन्यवाद करती हुई मैं अपना स्थान लेती हूं।

श्री वीरेन्द्र सिंह (नारनौंद): स्पीकर साहब, आपने पे कमी ान की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए कुछ अलग से समय निर्धारित किया है। समय की तो कमी है परन्तु एक दो बातें आपकी सेवा में अर्ज करना चाहता हूं। एक दिन क्वै चन आवर में पूछा गया था कि वर्कचार्ज्ड इम्पलाइज किस किस विभाग में हैं तो उत्तर दिया गया था कि पब्लिक हैल्थ, इरीगे ान तथा पी0डब्ल्यू0डी0 में हैं। स्पीकर साहब, आपको जानकरी खु ाी होगी और हाउस को भी जान कर खु ाी होगी कि इन वर्कचार्ज्ड के लिए तीनों विभागों के चीफ इंजीनियर्ज की एक कमेटी बनायी गई थी, उस कमेटी ने उनकी कुछ डिमान्ड मंजूर की थीं, उसके बाद ऐडमिनिस्ट्रेटिव सैक्रेटरीज ने इस बात को रिकमैंड कर दिया था कि उनकी मांग मान ली जाये। स्पीकर साहब जहां तक मुझे याद है उस समय पांच साल तक के वर्कचार्ज्ड मान ली गई थी। इसलिए मैं सरकार से हय चाहूंगा कि वह इस बात का यहां हाउस में एलान करें कि जो 35 हजार वर्कचार्ज्ड की डिमान्ड ऐडमिनिस्ट्रेटिव सैक्रेटरीज तक ने मान ली थाी उसे माना जाता है क्योंकि उन्होंने बड़े सोच विचार करने के प चात ही उस डिमांड को माना था। (विघ्न) सरकार से मैं प्रार्थना करता हूं कि जो सिफारि ाात ऐडमिनिस्ट्रेटिव सैक्रेटरीज ने की हैं उनको माना जाये और वर्क चार्ज्ड ऐम्पलाइज को जल्दी से जल्दी रैगुलर किया जाये ताकि वे भी पे कमी ान की रिपोर्ट का फायदा उठा सकें।

स्पीकर साहब, पे कमी ान की रिपोर्ट में जो ऐनामलीज रह गई हैं, उनकी तरफ भी मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। सबसे पहले मैं सदन को याद दिलाना चाहता हूं कि चौधरी देवी लाल जी सरकार ने पुलिस के अन्दर जो डी0एस0पी0 के पद हैं उनके पे स्केल एच0सी0एस0 के पे स्केलों के बराबर करने की अनाउसमैंट की थी। वह पालिसी सरकार की ऐ योंरैंस है यह उनकी बड़ी रीजनेबल डिमान्ड है। उस समय सारे हाउस के सदस्यों ने बड़ी तालियां बजा बजा कर इस बात को माना था। एक दूसरी बात की ओर भी मैं आपको ध्यान दिलाना चाहता हूं। पे कमी ान की रिपोर्ट के पेज 10 पर कुछ कैटेगरीज हैं। जिनकी क्वालिफिके ान मैंट्रिक होती है उनका ग्रेड 160—425 था लेकिन अब उनका ग्रेड 525—1050 कर दिया गया है। इनमें हैड क्लर्क, एसिसटेन्ट, सब इन्सपेक्टर, इन्सपेक्टर आदि भाामिल हैं। लेकिन जिन लोगों की क्वालिफिके ान मिनिमम बी0ए0, बी0एड0, बी0एस0सी0 आदि है और जिनमें जुनियर आडिटर, एकाउन्टेन्ट आदि आते हैं उनका स्केल 160—425 था लेकिन इनका ग्रेड अब 480—760 का कर दिया गया है। इसलिए मैं सरकार से चाहता हूं कि इस ऐनोमली को दूर किया जाये। एक और महत्वपूर्ण बात की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। सरकार ने जो पे कमी ान की रिर्पोट 1—4—79 से लागू की है इसको 1—4—79 से लागू करने की बजाये 1—4—78 से लागू किया जाना चाहिए क्योंकि पंजाब ने अपनी पे कमी ान की रिपोर्ट 1—4—78 से लागू की है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि

पंजाब में और हरियाणा में जो मकान यू0टी0 द्वारा दिये जाते हैं उन मकानों की अलाटमैंट में पंजाब वाले कर्मचारी सीनियर हो जायेंगे और हरियाणा वाले कर्मचारी जूनियर रह जायेंगे। इस प्रकार पंजाब के कर्मचारियों को हरियाणा के कर्मचारियों की अपेक्षा अधिक मकान मिलेंगे। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस रिपोर्ट को 1–4–78 से लागू किया जाये। आप बे ाक इस अवधि के दौरान का पैसा कर्मचारियों को नकद न देकर उनके जी0पी0एफ0 या कम्पसलरी डिपोजिट स्कीम में जमा कर दें। यदि पीछे से यह रिपोर्ट लागू हो जाये तो उन्हें भी मकान अधिक मात्रा में मिल सकेंगे और इस प्रकार से सीनियेरिटी और जुनियेरिटी खत्म हो जायेगी। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, पे कमी ान की रिपोर्ट पर बोलते हुए कुछ साथियों ने कई सुझाव दिए हैं। पे कमी ान के बनाये जाने के बारे में खासकर चौधरी रामलाल वधवा ने कहा कि यह कमी ान किस वक्त बना था ? पे कमी ान चौधरी देवी लाल जी के टाईम पर बना था और उस समय चौधरी राम लाल वधवा और डा0 मंगल सैन उनके सलाहकार हुआ करते थे। पे कमी ान सरकार द्वारा 23–1–79 को बनाया गया था। उस समय चौधरी रामलाल वधवा साहब और डा0 मंगल सैन मन्त्री मण्डल में भी भाामिल थे। मैंने उस समय यह कहा था कि कमी ान कभी भी दो आदमियों का

नहीं हुआ करता है। कमी ान या तो एक आदमी का हुआ करता है या तीन आदमियों का या पांच आदमियों का हुआ करता है। दो आदमियों का कमी ान कभी नहीं हुआ करता है क्योंकि अगर 3 आदमियों का कमी ान होगा तो उन तीन आदमियों में से कम से कम दो आदमियों की तो एक रिपोर्ट हो सकती है। यदि दो आदमियों का ही कमी ान होगा तो उनकी रिपोर्ट भी अलग अलग होगी।

अध्यक्ष महोदय, बाबू मूल चन्द जैन जी जो बड़ी जिम्मेदारी से बातें किया करते हैं, लेकिन मैं उनको यह बात बताना चाहता हूं। कि मैंने उस समय प्वायंट आऊट किया था कि या तो एक आदमी का कमी ान बनाया जाता है या 3 आदमियों का या पांच आदमियों का कमी ान हुआ करता है। लेकिन चौधरी देवी लाल जी के सलाहकारों ने दो आदमियों का कमी ान बनवा दिया।

चौधरी राम लाल वधवाः आप के सलाहकार कौन कौन हैं ?

चौधरी भजन लालः वधवा साहब, हमने चौधरी देवी लाल जी की तरह कोई ऐडवाईजन नहीं रख रखें हमारे तो 52 साथी सलाहकार हैं जिन्होंने कल सरकार का साथ दिया है। (ाोर)

श्री मूल चन्द जैनः * * * * *

श्री अध्यक्षः पे कमी ान की रिपोर्ट के अलावा जो बातें हो रही हैं वे रिकार्ड न की जायें।

चौधरी राम लाल वधवाः * * * * *

* * * * * (ोंर एवं विघ्न) * * *

चौधरी भजन लालः * * * * *

* * * * * * * * * * *

श्री मूल चन्द जैनः * * * * *

* * * * * * * * * *

चौधरी भजन लालः * * * * *

* * * * * * * * * *

चौधरी राम लाल वधवाः * * * * *

* * * * * * * * * *

श्री मूल चन्द जैनः * * * * *

* * * * * * * * * *

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं इस बहस में तो नहीं पड़ना चाहता था। समय का काफी अभाव है। इसलिए पे कमी ान का जहां तक ताल्लुक है हमें दिसम्बर 1979 में रिपोर्ट

मिली। हमने रिपोर्ट मिलते ही फैसला कर लिया कि 1–4–79 से पे कमी ान की रिर्पोट लागू की जाये। हमने इतनी जल्दी इस पे कमी ान की रिर्पोट को लागू किया है जबकि पंजाब के अन्दर 1977 में कमीशन बनाया गया था और 1978 में उसी रिर्पोट आई। रिर्पोट आने के बाद भी आज तक पंजाब ने वह लागू नहीं की है। हमारे पास जैसे ही पे कमी ान की रिर्पोट आई हम लागू करते गए। जिन कर्मचारियों और अधिकारियों की रिपोर्ट लागू होनी बाकी हैं अथवा जिनके साथ ठीक प्रकार से न्याय नहीं हुआ होगा उन सभी की रिर्पोट हम 3 महीने के अन्दर अन्दर प्रदे ा भर में लागू कर देंगे।

जहां तक वर्कचार्ज्ड स्टाफ का सवाल है, उनके साथ कई माननीय सदस्यों ने बहुत हमदर्दी जाहिर की है लेकिन जितनी हमदर्द गरीब आदमियों की यह सरकार है उतना पिछली सरकार नहीं थी। उस सरकार ने तो गरीबों के बारे में ख्याल तक भी नहीं किया था। बहन सुशमा जी ने वर्क चार्ज्ड के बारे में काफी जिक्र किया है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि चौधरी देवी लाल जी की सरकार में वे भी मंत्री थी और डा0 मंगल सैन जी भी मंत्री थे उस समय इन्होंने वर्क चार्ज्ड के बारे में विचारा तक नहीं।

श्री मूल चन्द जैनः हमारी सरकार ने पिछले साल 24 लाख रुपये दिए हैं। (ाोर एवं विघ्न) * * * * *

* * * * * * * * * * *

* *

डा0 मंगल सैनः * * * * * * *

* * * * * * * * * * *

सदन की बैठक का समय बढ़ाना

श्री अध्यक्षः यदि हाउस की सैन्स हो तो 10 मिनट समय और बढ़ा दिया जाये।

आवाजें: ठीक है जी।

श्री अध्यक्षः हाउस का समय 10 मिनट बढ़ाया जाता है।

आधे घण्टे की चर्चा (पुनरारम्भ)

Mr. Speaker: Hon. Chief Minister may please continue.

19.00 बजे

चौधरी भजन लालः मैं तो पे कमी ान की ही बात कर रहा था लेकिन दल बदल की बात भाुरू की। इसलिये मुझे कहना पड़ा है। (व्यवधान व भाोर) अध्यक्ष महोदय, आपने देखा होगा कि इनसे तंग आकर बाबू जगजीवन राम जी जैसे आदमी भी इनको छोड़कर यदि जा सकते हैं तो हमें तो इन्हें दोश नहीं देना चाहिए। क्या हम जनता पार्टी में रह सकते हैं जिसमें केवल

आर0एस0एस0 के प्रभुत्व वाला जनसंघ ही हावी हो ? इसमें तो केवल एक ही घटक रह गया है जनसंघ, ये बेचारे समाजवादी तो फंसे हुए हैं। और सुशमा जी जैसे सोच रहे हैं कि कहां जायें ? एक बात मैं यहां पर बताना चाहता हूं कि एक दफा बहिन सुशमा जी भी लोक दल में भागने की कोि ा ा कर रही थी लेकिन मैंने इनको कहा था कि थोड़ा ठहरिये। इसलिये वे नहीं गई। इसी तरे से बलदेव तायल जी के बारे में भी मैं यह बताना चाहता हूं कि जब हम कांग्रेस (आई) पार्टी में जा रहे थे तो बलदेव भाई मेरे पास आये ..... (व्यवधान व भाोर)

एक आवाजः जो आदमी हाउस में मौजूद नहीं है, उसके बारे में इनको ऐसे नहीं कहना चाहिए।

चौधरी भजन लालः मैं यह हकीकत बता रहा हूं मैं यह बात आन ओथ कहता हूं .....

श्री मूल चन्द जैनः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। स्पीकर साहब, मैंने जहां तक बलदेव तायल जी की स्पीच सुनी है, उन्होंने कभी कोई बात डिफैक ान की बाबत नहीं की। यह बेकार में उनके बारे में डिफैक ान की बात कर रहे हैं। यह कोई अच्छी बात नहीं हैं (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः आपको क्या इस बात का पता है कि उन्होंने क्या कहा था ?

श्री मूल चन्द जैनः सारी बातें रिकार्ड पर हैं। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः आप सुनिए तो सही। बलदेव तायल जी मुझे उस समय क्या कहते हैं जिस समय हम कांग्रेस (आई) में भाामिल हो रहे थे। वे यह कहते हैं कि भजन लाल जी, लाला बलवन्त राय तायल कहां हैं, वह तो आपके साथ होंगे ? मैंने कहां हां। तो वह कहने लगे कि फिर तो मेरे लिये कोई मिनिस्टरी नहीं मिल सकती। इसलिये मैं आपके साथ नहीं आऊंगा। (व्यवधान व भाोर) यह हकीकत है।

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज! मैं मैम्बर साहेबान से रिक्वैस्ट करूंगा कि इन्ट्रप ान न करें और मुख्य मंत्री जी से भी अनुरोध करूंगा कि वे पे कमी ान के बारे में बतायें तो अच्छा रहेगा।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं तो उसी के बारे में बात कर रहा था लेकिन बीच में इन्हीं लोगों ने टोका–टोकी की। मुझे मजबूर होकर यह कहना पड़ा है। मैं तो कभी ऐसी कोई बात कहता ही नहीं हूं। मैं कभी ऐसी भाशा इस्तेमाल नहीं करता जिस तरह की ये इस्तेमाल करते हैं। (व्यवधान व भाोर) अध्यक्ष महोदय, जहां तक पे कमी ान का ताल्लुक है, जिसके बारे में अभी यहां पर चर्चा हुई है, उसमें जहां तक वर्कवार्ज्ड ऐम्पलाईज का ताल्लुक है, जिन वर्कचार्ज्ड ऐम्पलाईज की सर्विस 31–12–78 को 5 वर्श की हो गयी है, उन सबको रैगुलर कर दिया गया है।

यह रिपोर्ट उन पर भी दूसरी कैटेगरीज की तरह से ही लागू होगी। इतना बड़ा फैसला सरकार ने किया है। (व्यवधान)यह तो बात करते हैं यहां पर दल बदल की, इन्होनें कभी इस बारे में सोचा भी नहीं है। (व्यवधान व भाोर) अध्यक्ष महोदय, कुछ महकमों का जिक्र किया गया। इसके अलावा कुछ दूसरे महकमों का भी जिक्र किया गया। हमने इसके लिये अध्यक्ष महोदय, चीफ सैक्रेटरी जी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनायी हुई है। उस कमूटी में तीन हमारे कमि नर्ज भी भाामिल हैं। वह कमेटी एक एक बात की गहराई में जायेगी और ठीक तरीके से सारी रिपोर्ट देखेगी। जिस भी महकमे के साथ पे कमी ान ने कोई ठीक बात नहीं की है, किसी महकमे को इग्नोर किया है, उस महकमे को पूरी तरह से ध्यान में रख कर सब अधिकारियों को और कर्मचारियों का इंसाफ दिया जायेगा और हम इसे तीन महीने के अन्दर अन्दर सारे प्रदे ा के अन्दर लागू कर देंगे। इसके अलावा ला एंड आर्डर के बारे में कुछ अपोली ान के भाईयों ने जिक्र किया। तायल साहब उसका जवाब देना भूल गए।

श्री मूल चन्द जैनः वत तो रैलवैन्अ नहीं है।

श्री अध्यक्षः उसके लिये कल आपको टाईम दूंगा।

चौधरी भजन लालः आखिर में मैं फिर सदन को यह वि वास दिलाना चाहूंगा कि पे कमी ान की रिपोर्ट को हम तीन महीने के अन्दर अन्दर लागू कर देंगे और किसी भी महकमे के

किसी भी कर्मचारी के साथ किसी तरह की ज्यादती नहीं होने देंगे। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री अध्यक्षः अब हाउस कल प्रातः 9 बजे तक के लिये ऐडजर्न किया जाता है।

***19.05 बजे**

(तत्प चात सदन मंगलवार दिनांक 18–3–1980 प्रातः 9 बजे तक के लिए * स्थगित हुआ)